(120) (8)

राँची समाहरणालय, राँची।

(जिला भू–अर्जन शाखा)
www.dlaoranchi.in
dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

पत्रांक 533(ii)

प्रेषक,

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
रांची।

सेवा में,

निदेशक (तकनीकी शिक्षा),
उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग
झारखण्ड, रांची।

दिनांक 12/02/19

विषय : **आई0आई0आई0टी0 स्थापना परियोजना का आधिपत्य देने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आई0आई0आई0टी0 स्थापना परियोजना हेतु मौजा–सांगा अंचल–कांके का अधियाचना प्राप्त होने के पश्चात भू–अर्जन की कार्रवाई करते हुए दिनांक–17.04.2017 को पंचाट घोषित किया गया एवं प्रभावित रैयतों को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है।

अतः भू–अर्जन अधिनियम की धारा–38(1) के तहत् अर्जित भूमि 14.40 एकड़ का आधिपत्य सौंपा जाना है। इस कार्यालय के अमीन द्वारा अर्जित भूमि का नक्शा तैयार किया गया है एवं सूचीबद्ध खाता, प्लॉट दर्शाया गया है। सरकार के प्रधान सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची के सहायक निदेशक (तकनीकी शिक्षा), उच्च तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, श्री ज्वाला महतो को आधिपत्य (दखल कब्जा) Possession Certificate दिनांक–12.02.2019 को सौंपा जाता है।

अनुलग्नक : नक्शा, आधिपत्य प्रपत्र XVI एवं अर्जित भूमि की विवरणी।

विश्वासभाजन,

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
रांची।
12.2.19

कुलसचिव / Registrar
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची

उ० त० शि० एवं कौ० वि० विभाग
(तकनीकी शिक्षा निदेशालय)
पत्र सं० 288
प्राप्ति दि० 12/2/19

Scanned by CamScanner

रघुवर दास
Raghubar Das

मुख्यमंत्री
झारखण्ड सरकार
Chief Minister
Govt. of Jharkhand

अ०स०प०सं० 3900232
दिनांक 16.07.2019

आदरणीय श्री रमेश पोखरियाल जी,

आपके पत्र सं०–29–13/2011–टीएस-I, दिनांक–27 जून, 2019 के सन्दर्भ में सादर सूचित करना है कि भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (I.I.I.T.), राँची वर्ष 2016 से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन०आई०टी०) जमशेदपुर के परिसर में प्रारम्भ किया गया। इसके लिए राँची जिले के कांके अंचल अन्तर्गत मौजा–सांगा में 66.14 एकड़ भूमि चिन्हित है, जिसमें 52.24 एकड़ सरकारी (गैरमजरूआ) जमीन का हस्तांतरण पूर्व में ही किया जा चुका है। शेष 14.40 एकड़ रैयती भूमि के लिए मुआवजा उपलब्ध करा कर उक्त भूमि का अधिग्रहण भी फरवरी 2019 में कर संस्थान को इससे संबंधित सभी कागजात उपलब्ध कराये जा चुके हैं। साथ ही, विभाग द्वारा संबंधित भूमि पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है।

तात्कालिक व्यवस्था के रूप में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक कार्य राँची में करने हेतु झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन के एक तीन मंज़िला भवन, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 3598 वर्गमीटर है, में इसे संचालित करने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है।

अनुरोध है कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गई 66.14 एकड़ भूमि पर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश मंत्रालय के अधिनस्थ पदाधिकारियों को देना चाहेंगे।

धन्यवाद।

भवदीय,

(रघुवर दास)

श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक',
माननीय मंत्री,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
भारत सरकार,
शास्त्री भवन, सी–विंग, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद रोड,
नई दिल्ली–110001.

कुलसचिव / Registrar
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, राँची

Scanned by CamScanner